हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 28 दिसंबर 2025
[ बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़ ]

# आपके विश्वास ने हमें मजबूत बनाया

## धन्यवाद... उन सभी मरीज़ों और परिवारों का, जिन्होंने हम पर भरोसा किया। आपके विश्वास ने ही हमें वो हिम्मत दी, जिससे हमने सैकड़ों जिंदगियों में नई उम्मीदें जगाईं।



आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने अपनी आधुनिक तकनीक, विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम और विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवाओं के दम पर आज न सिर्फ छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश और विदेश से आने वाले मरीजों का विश्वास जीता है। यहाँ पहले से ही अन्य राज्यों और विदेशों से मरीज उन्नत चिकित्सीय सुविधाओं के कारण पहुँच रहे हैं। अत्याधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, सुपरस्पेशलिटी ट्रीटमेंट, अंतरराष्ट्रीय मानकों की देखभाल और किफायती खर्च ने हेल्थकेयर क्षेत्र में एक अलग पहचान दिलाई है। **डॉ. नवीन राम दारुका** का लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में दुर्ग को मेडिकल टूरिज़्म का प्रमुख केंद्र बनाया जाए। उनका मानना है कि जिस तरह लोग सिंगापुर, यूरोप या दिल्ली-मुंबई जैसे स्थानों में इलाज के लिए जाते हैं, उसी तरह दुर्ग को भी विश्वस्तरीय हेल्थकेयर डेस्टिनेशन बनाया जा सकता है।हॉस्पिटल न केवल मरीजों की देखभाल में बल्कि चिकित्सकों के ज्ञानवर्धन में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। समय-समय पर आयोजित CME कार्यक्रमों के माध्यम से गांवों और छोटे कस्बों में प्रैक्टिस कर रहे डॉक्टरों को नई-नई चिकित्सा जानकारी, आधुनिक तकनीकों और गंभीर मरीजों के बेहतर इलाज की ट्रेनिंग दी जाती है। इसके अलावा, अस्पताल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर कमजोर और पिछड़े इलाकों तक उच्चस्तरीय चिकित्सा सेवाएं पहुँचाई जा रही हैं। ***डॉ. दारुका का संकल्प है कि आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के माध्यम से दुर्ग को न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे भारत में हेल्थकेयर उत्कृष्टता की नई पहचान मिले।***

### आरोग्यम : महिला शक्ति का अनोखा प्रतीक



प्रबंध निदेशक का सपना है -"इलाज ही नहीं, अपनापन और विश्वास भी।" उनका मानना है कि अस्पताल सिर्फ बीमारियों के इलाज की जगह नहीं, बल्कि संवेदनाओं और मानवीय जुड़ाव का केंद्र होना चाहिए। 85% से अधिक महिलाएं संभाल रही कमान

आरोग्यम की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह एक महिला प्रधान संस्था है। यहां 85% से अधिक महिलाएं कार्यरत हैं, जो अपनी संवेदनशीलता, करुणा और समर्पण के साथ मरीजों को विशेष अनुभव देती हैं। यही महिला शक्ति इस अस्पताल को बाकी संस्थानों से अलग बनाती ।

**कविता केजरीवाल दारूका**
मैनेजिंग डायरेक्टर

### "इरेक्टाइल डिसफंक्शन से जीत 50+ सफल पेनाइल इंप्लांट"



इरेक्टाइल डिसफंक्शन यानी नपुंसकता अब केवल बुज़ुर्गों की समस्या नहीं रही, बल्कि यह परेशानी युवाओं में भी तेजी से बढ़ रही है। तनाव, डायबिटीज, मोटापा, धूम्रपान और अनियमित जीवनशैली के कारण 25-40 साल के पुरुष भी इस समस्या का सामना कर रहे हैं। ***दिल्ली के प्रसिद्ध यूरोलॉजिस्ट डॉ. गौतम बांगा*** और डॉ. नवीन राम दारुका की टीम ने पेनाइल इंप्लांट सर्जरी में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। टीम अब तक 50+ से अधिक सफल सर्जरी कर चुकी है और दर्जनों मरीजों की जिंदगी बदल चुकी है।

***डॉ. गौतम बांगा का कहना है - "आजकल युवाओं में भी ED (इरेक्टाइल डिसफंक्शन) तेजी से बढ़ रहा है।*** जब दवाइयां असर नहीं करतीं, तब पेनाइल इंप्लांट सबसे भरोसेमंद विकल्प बन जाता है। हमारी टीम अब तक 50+ से अधिक मरीजों को नया आत्मविश्वास दे चुकी है।"







### दुर्ग में हृदय रोगियों के लिए नई उम्मीद: डॉ. आकाश बख्शी



**आपके दिल का सच्चा साथी**

हृदय रोगियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में एक नई क्रांति शुरू हुई है। अस्पताल में मौजूद अत्याधुनिक कैथ लैब हृदय की जटिल प्रक्रियाओं को सुरक्षित और प्रभावी ढंग से संपन्न करने में सक्षम है। यही कारण है कि हृदय रोग के गंभीर मामलों में भी मरीजों को बेहतरीन परिणाम मिल रहे हैं। हाल ही में, अल्प समय में आरोग्यम हॉस्पिटल के कार्डियोलॉजी विभाग ने 150+ से अधिक एंजियोप्लास्टी सफलतापूर्वक संपन्न करके इतिहास रचा है। यह उपलब्धि न केवल अस्पताल की क्षमता को दर्शाती है, बल्कि क्षेत्र के लोगों के लिए जीवनरक्षक साबित हुई है। डॉ. बख्शी के अनुभव और समर्पण ने अस्पताल को क्षेत्र में हृदय रोग के इलाज में अग्रणी बना दिया है। यहा मरीजों को केवल इलाज नहीं, बल्कि विश्वसनीयता, सुरक्षा और सुकून का अनुभव मिलता है। आधुनिक तकनीक, कुशल डॉक्टरों और समर्पित स्टाफ का अनूठा मिश्रण हर मरीज के लिए नई उम्मीद जगाता है। यही कारण है कि दुर्ग और आसपास के क्षेत्र के लोग हृदय रोग के मामलों में, हॉस्पिटल को सबसे भरोसेमंद विकल्प मानते हैं। मरीजों की मुस्कान और स्वस्थ जीवन ही इस अस्पताल की असली उपलब्धि है।

**ECG रिपोर्ट भेजें और जानिए अपने दिल की सेहत का हाल . निःशुल्क 7440711113**

### "एक साल में हमारी अभूतपूर्व सफलता"

**कार्डियोलॉजी -**
- 300+ एंजियोग्राफी
- 150+ एंजियोप्लास्टी
- 40+ पेसमेकर इंप्लांट



**यूरोलॉजी -**
- 1500+ किडनी स्टोन सर्जरी
- 50+ पेनाइल इंप्लांट
- 150+ रिकंस्ट्रक्टिव यूरोलॉजी
- 65+ पुरुष बांझपन का इलाज



**नेफ्रोलॉजी-**
- 2 सफल किडनी ट्रांसप्लांट
- 13000+ डायलिसिस
- 1200+ CKD
- 24x7 उपलब्ध विशेषज्ञ टीम



**गैस्ट्रोएंटरोलॉजी -**
- 500+ एंडोस्कोपी
- 100+ कोलोनोस्कोपी
- 60+ ERCP



**दुर्घटना में जीवन रक्षक**
- 1 साल में 100 से अधिक गंभीर
- मरीजों को नया जीवन

**ब्रेन एवं स्पाइन सर्जरी**

**99% सर्जरी दूरबीन से**



### "आरोग्यम में एडवांस्ड किडनी व यूरोलॉजी सुविधाएँ"



बदलती जीवनशैली और खानपान की वजह से किडनी और यूरोलॉजी से जुड़ी बीमारियाँ लगातार बढ़ रही हैं। पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना, बार-बार पेशाब में जलन या रुकावट, संक्रमण, क्रॉनिक किडनी डिजीज (CKD) और किडनी फेल्योर जैसी समस्याएँ अब आम हो गई हैं। इन रोगों का इलाज अब अत्याधुनिक तकनीकों से किया जा रहा है। यहाँ लेज़र सर्जरी और एंडोस्कोपिक प्रक्रियाओं की सुविधा है, जिससे मरीजों को कम दर्द, कम रक्तस्राव और जल्दी रिकवरी का लाभ मिलता है। गंभीर मरीजों के लिए किडनी ट्रांसप्लांट और CKD मैनेजमेंट की विशेष सुविधा भी उपलब्ध है। **जहां शहर की सबसे आधुनिक एवं सबसे बड़ा डायलिसिस यूनिट भी उपलब्ध है** यही वजह है कि दूर-दराज़ से भी मरीज यहाँ उपचार के लिए पहुँच रहे हैं। **किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. आर. के. साहू और यूरोलॉजिस्ट डॉ. नवीन राम दारुका** अपनी विशेषज्ञता से मरीजों का सफल उपचार कर रहे हैं।



### अत्याधुनिक बर्न यूनिट आरोग्यम -

सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में शहर की सबसे आधुनिक बर्न यूनिट संचालित होने जा रही है, जहां अनुभवी विशेषज्ञ डॉ. दीपक कोठारी के मार्गदर्शन में हर प्रकार के बर्न मरीजों का इलाज किया जाएगा। यहां थर्मल, इलेक्ट्रिक और केमिकल बर्न से पीड़ित मरीजों के लिए 24 घंटे, 7 दिन निरंतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी।अस्पताल में आधुनिक मशीनों, संक्रमण नियंत्रण की विशेष व्यवस्था और प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ के साथ गंभीर रूप से झुलसे मरीजों को समय पर बेहतर उपचार प्रदान किया जा रहा है। यह बर्न यूनिट क्षेत्र के मरीजों के लिए राहत और नई उम्मीद साबित हो होगी।

**"अपनों का इलाज - अपने शहर में"**

**CGHS | POWER GRID | BSNL | SECR | CSEB | ALL INSURANCE & TPA | FCI | IIT BHILAI COAL INDIA | ECHS |ESIC TERTIARY | BSP EMPLOYEE & EX-EMPLOYEE**



## आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ✆ 97554 21861 , 0788-2990458

NH53, डी-मार्ट के पास, बाईपास रोड, कादंबरी नगर दुर्ग , छत्तीसगढ़ aarogyam hospital

## खबर संक्षेप



### नरेश यदु बने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग के उपाध्यक्ष

**गुण्डरदेही।** भाजपा नेता नरेश यदु को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग का उपाध्यक्ष बनाए जाने पर समाज में हर्ष का माहौल है, इस नियुक्ति पर अध्यक्ष ठेठवार समाज बालोद राज नरेंद्र यादव, मंडल अध्यक्ष अर्जुन्दा नेम लाल यादव, सरपंच संघ अध्यक्ष गुण्डरदेही लेखराम साहू, ओम कल्याण यादव, छन्नू यादव, ग्राम प्रमुख सकरौद पवन यादव, ग्राम प्रमुख पांगरी लोमस यादव ने नरेश यदु से भेंट कर हर्ष व्यक्त किया।

### धनोरा में विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन आज

**गुरूर।** धनोरा मे आज 28 दिसंबर को विशाल हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। विकासखण्ड मे हिन्दू सम्मेलन आयोजित किये जाने की श्रृखला में यह चौथा आयोजन है। इसके पूर्व गुरूर नगर एवं पलारी नगर पंचायत व ग्राम कंवर में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा चूका है। ग्राम धनोरा के ग्रामीणो के सहयोग से भरदा मण्डल एवं सोरर मण्डल द्वारा संयुक्त रूप से यह आयोजन किया जा रहा है। प्रातः 10 बजे से यह शोभायात्र निकलेगी। वक्ताओ के संदेश के दौरान क्षेत्र के दो शहीदो के परिवार का सम्मान किया जाएगा। सम्मेलन 11 बजे से प्रारंभ होगा। स्कूली बच्चो का सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### रेंगाडबरी में हर्षोल्लास के साथ मना शक्ति दिवस



**डौंडीलोहारा।** वनांचल के ग्राम रेंगाडबरी में 26 दिसंबर को हल्बा समाज द्वारा शक्ति दिवस हर्षोल्लास एवं पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के अंतर्गत जस झांकी परसाडीह द्वारा आकर्षक प्रस्तुति दी गई, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हल्बा समाज के अध्यक्ष मदन माहला ने की। मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत रेंगाडबरी की सरपंच भावना जयस जैन उपस्थित रहीं। विशेष अतिथि के रूप में जनपद सदस्य मानकी बाई पड़ौती एवं उपसरपंच दुगेंद्र निषाद की गरिमामयी उपस्थिति रही। शक्ति दिवस समारोह में समाज के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, वहीं विज्ञान प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे ग्रामीणों ने सराहा। वक्ताओं ने समाज में एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने पर जोर दिया। इस अवसर पर माता दंतेश्वरी की विधिवत पूजा-अर्चना कर समाज की सुख-समृद्धि की कामना की गई। कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक एकजुटता और सांस्कृतिक चेतना का संदेश दिया गया। समारोह में समस्त पंचगण, समाज के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

आयोजन : कलश यात्रा, ध्वजारोहण और सम्मान समारोह रहा आयोजन का केंद्र

# अखिल भारतीय हल्बा समाज ने श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया शक्ति दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसूमकसा

अखिल भारतीय हलबा समाज कुसुम कसा द्वारा शहीद गैंद सिंह नायक भवन में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शक्ति दिवस मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ हल्बा समाज के ग्राम प्रमुख धरम सिंह पिस्दा जी के द्वारा समाज के ध्वज का ध्वजारोहण करके किया गया। सर्वप्रथम शहीद गैंद सिंह नायक भवन से समाज के महिलाओं एवं बालिकाओं के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई जो कि नगर भ्रमण करते हुए पुनः सामाजिक भवन में वापस आई ।

■ शिक्षा, संगठन और नशामुक्ति पर वक्ताओं ने दिया संदेश

नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह पर कलश धारण करने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं का स्वागत किया गया बच्चों को चॉकलेट बिस्कुट वितरण किया गया । कलश यात्रा के वापस आने पर समाज के लोगों के द्वारा अतिथियों का भव्य स्वागत



किया गया, शक्ति दिवस के इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किशोर कोठारी सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय नारायणपुर एवं वेद बाई पिस्दा सरपंच ग्रयत कुसुम कसा थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता धरम सिंह पिस्दा ग्राम प्रमुख ने की । विशेष अतिथि के रूप में शंकर लाल पिस्दा, देहूति कोठारी, रायसिंह लेडिया, तिहार सिंह तारम, अमरोतीन मसिया, सीताराम पिस्दा, अमरोटीन मसिया, आत्माराम सुरेंद्र, आशा राम, कीर्तन रावते थे।

सर्व प्रथम ग्राम प्रमुख धरम सिंह पिस्दा के अध्यक्षीय उद्बोधन से हुआ जिसमें उन्होंने सामाजिक एकता एवं समाज के विकास पर बात की इसके पश्चात विशिष्ट अतिथि देहुती कोठारी ने संगठन की एकता एवं शिक्षा पर बात की विशेष अतिथि शंकर लाल पिस्दा जी ने संगठन को मजबूत करने की सलाह दी एवं प्रेरणा स्रोत बनने की बात कही, पवारा कोठारी ने संगठन एवं महिला शक्ति पर अपना व्याख्यान दिया केजाऊ कोमा जी ने शक्ति दिवस पर प्रकाश डाला इस दौरान प्रतिभावान छात्रा कुमारी रिचा पिस्दा एवं नम्रता रावते को प्रशस्ति पत्र एवं भागवत धलेंद्र द्वारा 501 की राशि दोनों बच्चों भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि वेद भाई पिस्दा ने अपने उद्बोधन में किचन शेड निर्माण करने की बात कही तथा मुख्य अतिथि किशोर कोठारी जी ने शिक्षा एवं संस्कार पर अच्छा व्याख्यान दिया नशा मुक्ति पर भी बात की इसके पश्चात परसाई जी ने आभार प्रकट कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की कार्यक्रम का संचालन नंद किशोर पिस्दा एवं सुरेश कोठारी ने की।

### ये रहे उपस्थित

शक्ति दिवस के पावन अवसर पर ग्राम के धनाराम, अर्जुन सहारे, नरेंद्र कोलियरे तुकाराम पिस्दा, सोमनाथ रावते, देवीलाल रावते, नरोत्तम रावते, बालू माहला, दसरू धलेंद्र लता सहारे खेमलता पिस्दा, सोनवती बढ़ाई एवं भारी संख्या में ग्राम के महिला पुरुष और बच्चे उपस्थित थे।

## गुरूर में हल्बा-हल्बी समाज ने हर्षोल्लास के साथ मनाया शक्ति





**गुरूर।** विधानसभा क्षेत्र के मुजगहन, अमोरा, लोण्डी एवं अर्जुनी में हल्बा हल्बी आदिवासी समाज द्वारा शक्ति दिवस के पावन अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा सम्मलित हुई। इस अवसर पर विधायक संगीता सिन्हा ने सर्व सामुदायिक भवन मुजगहन, आदिवासी भवन अमोरा एवं टीना शेड निर्माण अर्जुनी का लोकार्पण किया। इस दौरान विधायक ने कहा है कि हल्बा–हल्बी समाज का इतिहास अत्यंत समृद्ध और गौरवशाली है। उन्होंने कहा कि हल्बा समाज की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी हैं, इस तरह यह समाज मातृ शक्ति का अनुयायी समाज है। विधायक संगीता सिन्हा ने सामाजिक एकता पर बल देते हुए कहा कि, जब भी इस प्रकार का आयोजन होता है तो गांव में आपसी सौहाद्र और भाईचारे का माहौल बनता है। इससे समाज के साथ–साथ गांव की एकता भी दिखाई देती है। प्रत्येक समाज का अपना गौरव पूर्ण संस्कृति है, जिसे हमें मिलजुलकर ऐसी ही मनानी है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, संजय चन्द्राकर, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष गुरुर तामेश्वर साहू, विधायक प्रतिनिधि कमलेश श्रीवास्तव, जनपद सदस्य मोनिस पारकर, महामंत्री ऐनु साहू, वैभव साहू, नूतन साहू सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

## शक्ति दिवस पर आदिवासी हल्बा-हल्बी समाज का भव्य आयोजन



**कुसुमकसा।** शक्ति दिवस पर आदिवासी हल्बा हल्बी समाज ग्राम चिपरा में माँ दन्तेश्वरी के पूजा पाठ कर गली भ्रमण कलश यात्रा निकाला गया जो कार्यक्रम स्थल पर समाप्त हुआ ,शक्ति दिवस समारोह में बच्चों द्वारा गीत संगीत, नृत्य खेल के माध्यम से मनोरंजन किया गया शक्ति के अभाव में विश्वास व्यर्थ है। विश्वास और शक्ति, दोनों किसी महान काम को करने के लिए आवश्यक हैं। इस अवसर पर ग्राम चिपरा के ग्रामीण अध्यक्ष निजाम सिंह कोसमा सचिव यशराम राणा सरपंच, छतर सिंग कोमा उदेलाल शिवना ग्राम पटेल, अंजोर सिंग पटेल ग्राम के समस्त पांघर प्रमुख सदाराम राणा अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रहलाद कोसमा मनहरण रावते नाथु राम शिवना जगदीश पिस्दा योगेश पिस्दा सुखीतराम राणा गिरधारी राम राणा उपसरपंच महिला पदाधिकारी मालती बाई ननकी बाई समोतिन बाई अरुणा बाई मिलोतीन बाई सहित सामाजिक महिला पुरुष व युवा उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# प्रोफेसर ईवी गिरीश ने बताया जीवन में मुस्कान और सकारात्मकता का महत्व

**बालोद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद के तत्वाधान में शुक्रवार को पांच दिवसीय वाह जिंदगी वाह कार्यक्रम का उद्घाटन मुंबई से पधारे प्रोफेसर ई.वी. गिरीश, ब्रह्माकुमारीज बालोद की मुख्य संचालिका राजयोगिनी बी.के. विजयलक्ष्मी, नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष बहन प्रतिभा चौधरी, जिला पंचायत सीईओ भ्राता सुनील चंद्रवंशी, डॉक्टर राहुल अग्रवाल, चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष भ्राता हरिश सांखला, डॉ. प्रदीप जैन, कमलेश सोनी, लीला लाले शर्मा, डॉ. महेश्वर, यज्ञदेव पटेल के द्वारा दीप प्रज्जवलन करके किया गया। मुख्य वक्ता प्रोफेशर ईवी गिरीश भाई ने कहा कि ईश्वर ने सभी प्राणियों में पशु–पक्षियों में मुस्कुराने की कला केवल मनुष्य को दिया है इसलिए हम हमेशा मुस्कुराते रहे। आपने मुस्कुराने के लिए लोंगो को एक एक्सरसाइज भी कराएं। मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जो मुस्कुरा कर खुद भी खुश रह सकता है और औरों को भी खुशी दे सकता है। एक वैज्ञानिक तथ्य है कि 1 साल का बच्चा 24 घंटे में लगभग 300



बार मुस्कुराता है। हम जैसे–जैसे बड़े होते जाते है हमारी मुस्कुराहट कम होती जाती है। जब सभी से पूछा कि आप लोग दिन भर में कितने बार मुस्कुराते है तो किसी ने जवाब दिया 5 से 10 बार। हमें अपने से पूछना चाहिए कि हमारा जिंदगी मुस्कुराने के मामले में पहले से बेहतर हुआ है या बदत्तर हुआ है।

ओम शांति बोलने से अंतरात्मा में आ जाती है शांतिः चौधरी

इस अवसर पर राजयोगिनी बी.के. विजयलक्ष्मी दीदी ने उद्बोधन के माध्यम से मुंबई से आए भ्राता ई.वी. गिरीश एवं मंचस्थ अतिथियों के साथ–साथ विभिन्न स्थानों से आए गणमान्य नागरिकों का स्वागत सम्मान किया। प्रतिभा चौधरी ने कहा कि इस भागदौड़ की जिंदगी में ओम शांति शब्द बोलने से ही अंतरात्मा में शांति आ जाती है और शांतिपूर्ण तरीके से किए गए कार्य में सफलता अपने आप प्राप्त होती है, जिस मन और दिमाग दुरूस्त रहता है और अंतरात्मा से निकलता है वाह जिंदगी वाह।भ्राता सुनील चंद्रवंशी ने कहा कि आगामी 5 दिनों में हम नया मोटिवेशन और नया उमंग बालोद के लोंगो को सुनने को मिलेगा और हमारी लाइफ के प्रति नया दृष्टिकोण जानने को मिलेगा, साथ ही जीवन को सकारात्मक ढंग से कैसे जिए यह जानने का अवसर प्राप्त होगा।

## दो दिवसीय संगीतमय मानस दिग्दर्शन का भव्य आयोजन, मडाई पर छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी

**गुरूर।** नव ज्योति मानस परिवार एवं ग्राम विकास समिति बोरतरा के द्वारा दो दिवसीय संगीतमय मानस दिग्दर्शन का आयोजन 31 दिसंबर व 1 जनवरी को किया गया है। 2 जनवरी को ग्राम के मडाई के अवसर पर छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी का आयोजन किया गया है। जिसमे प्रथम दिवस 31 दिसंबर को शाम 4 बजे उद्घाटन अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य ललिता पीमन साहू, जिला पंचायत सभापति चंद्रिका यशवंत गंजीर, धर्मेन्द्र साहू, हलधर साहू, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष गुरूर दुर्गानंद साहू, लेखक चतुर्वेदी, पप्पु कांकरिया व ग्रामीण उपस्थित रहेंगे।

द्वितीय दिवस 1 जनवरी को शाम 4 बजे विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा, पूर्व जनपद सदस्य तोशण साहू, जनपद सदस्य गुरूर दिनेश्वरी फागुराम सिन्हा, जीवराखन हिरवानी, पद्माकर वाईकर, सरपंच ग्राम पंचायत बोरतरा पुर्णिमा द्रोणा सिन्हा व ग्रामीण उपस्थित रहेंगे। जिसमे उद्घोशक केके सिन्हा व चुम्मन सिन्हा होंगे। जिसमे प्रथम दिवस 31 दिसंबर को सुबह 8 बजे कलश यात्र निकला जाएगा। 9:30 बजे पूजा एवं दीप प्रज्जवलन किया जाएगा व सुबह 11 बजे से 1 बजे तक श्री राम मानस परिवार बेलगांव सिहावा की प्रस्तुती होगी। दोपहर 1 से 2:45 तक गौरी बालिका मानस मंडली अरौद धमतरी की प्रस्तुती होगी। दोपहर 3 बजे से 4:30 बजे तक विनय मानस मंडली भिलौरी बेमेतरा की प्रस्तुती होगी। अतिथियो का स्वागत एवं उद्बोधन के तहत 4:30 बजे से 6:30 बजे तक किया जाएगा। संध्या आरती शाम 6:30 बजे से 7 बजे तक होगा। शाम 7 बजे से 8:30 बजे तक हे शारदे मानस परिवार रणजीतपुर कवर्धा की प्रस्तुती होगी।

द्वितीय दिवस 1 जनवरी को सुबह 10 बजे से 10:30 बजे तक हनुमान चालिसा का पाठ किया जाएगा। सुबह 10:30 बजे से द12:30 बजे तक मोर नान्हे संगवारी मानस मंडली देवरी भखारा की प्रस्तुती होगी। दोपहर 12:30 बजे से 2:15 तक देवी अराधना महिला मानस मंडली पिथौरा महासमुंद की प्रस्तुती होगी। दोपहर 2:15 बजे से शाम 4 बजे तक पारसमणी मानस परिवार रायपुर पुरानी बस्ती की प्रस्तुती होगी। शाम 4:15 से 5:15 तक अतिथि स्वागत एवं उद्बोधन होगा। शाम 5:30 बजे से शात 7:15 बजे तक तुलसी के संदेश संपूर्ण महिला मानस मंडली बोरेदा पाटन की प्रस्तुती होगी।

## साहेबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह के बलिदान को किया स्मरण



हरिभूमि न्यूज:बालोद

भारत सरकार के निर्देशानुसार जिला पंचायत बालोद में 26 दिसंबर को जिला स्तरीय 'वीर बाल दिवस' कार्यक्रम का आ यो ज न किया गया। इस दौरान सा बि ह जा दे जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह के बलिदानों को स्मरण किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम में वेब लाईफ टेलीकास्ट के माध्यम से नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तर का मुख्य कार्यक्रम का प्रसारण भी किया गया।

■ बालोद में जिला स्तरीय "वीर बाल दिवस" कार्यक्रम का आयोजन

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशंवत जैन ने कहा कि गुरू गोविन्द सिंह के छोटे साहिब जादे जोरावर सिंह फतेह सिंह ने धर्म आस्था व सत्य के लिए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। दोनों साहिबजादे महज 06 एवं 09 वर्ष की आयु में भी अपने धर्म के प्रति दृढ़ संकल्पित थे, उन्होने अत्याचार के आगे झुकने से इन्कार कर दिया। इनकी राष्ट्र भक्ति हम सबके लिए प्रेरणादायी है। कार्यक्रम में बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ हेतु सामूहिक रूप से शपथ भी दिलाया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू सहित जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जे.एल. उइके, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक अजय गेडाम, उपसंचालक पंचायत काव्या जैन, जिला कार्यक्रम अधिकारी समीर पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## गुण्डरदेही की बेटियों ने सांसद खेल महोत्सव में हासिल किया तृतीय स्थान



**गुण्डरदेही।** नगर पंचायत अंतर्गत बघमरा की बेटियों ने सांसद खेल महोत्सव में लोकसभा स्तर में तृतीय स्थान प्राप्त करके समाज व गांव का नाम कांकेर लोकसभा में रोशन किया है वरिष्ठ पार्षद हरीश निषाद ने टीम के सभी विजयी खिलाड़ियो से मिलकर हर्श व्यक्त की।

## अटल बिहारी वाजपेयी जयंती पर 'सुशासन शिविर' का आयोजन



**बालोद।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर अटल परिसर के समीप 'सुशासन शिविर' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा जय स्तंभ चौक स्थित अटल परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण हेतु उल्लेखनीय योगदानों का स्मरण भी किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, नगर पालिका परिषद बालोद के पूर्व अध्यक्ष राकेश यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, केसी पवार, अमित चोपड़ा सहित बड़ी संख्या में आम नागरिकगण उपस्थित थे।

## महिला मोर्चा ने अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर मरीजों में बांटे फल



**बालोद।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला बालोद द्वारा जिला अस्पताल के जनरल वाडोंर् तथा मातृत्व शिशु अस्पताल में फल वितरण कर सभी मरीजों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। सिविल सर्जन डॉ आरके श्रीमाली के साथ महिला मोर्चा जिला बालोद की बहनें उपस्थित रही। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा निकोसे, सरोज गंगबेर, प्रतिमा यादव, श्वेता राजपूत, विशाखा साहू, पार्षद श्यामा यादव, पुर्व जिला पंचायत सदस्य कृतिका साहू उपस्थित रहीं। डॉ मोना टुवानी के भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बनने के बाद यह कार्यक्रम उनके नेतृत्व में किया गया एवं यह उनके कार्यकाल के आरंभ का प्रथम कार्यक्रम रहा।

## पेज 11 के शेष

### सीएम साय 8 जनवरी ...

विकास नहीं है, बल्कि दशकों से रह रहे गरीबों को उनका अधिकार दिलाने और गुण्डरदेही को एक आधुनिक शहर बनाने का संकल्प है। 8 जनवरी को होने वाले इस भव्य आयोजन व मुख्यमंत्री की आगमन की तैयारियां प्रशासन और नगर पंचायत द्वारा युद्ध स्तर पर शुरू कर दी गई हैं।

### ट्रैक्टर को लेकर दो पक्षों ...

एकदम आवेश में आकर अपनी पत्नि ममता गजेन्द्र लड़का तेजस्वी गजेन्द्र को साथ लेकर खेत तरफ जाने लगे, जहां पहले से ही रविकांत गजेन्द्र खेत तरफ ट्रेक्टर लेकर गया था, मेरा लड़का भी मेरे खेत में काम करने गया था मेरे लड़के के साथ कुछ अनहोनी न हो जाये सोंचकर मैं भी पीछे– पीछे गया। खेत के पास पहुंचते ही संतोष गजेन्द्र, ममता गजेन्द्र, रविकांत गजेन्द्र, तेजस्वी गजेन्द्र चारो गाली गलौज कर लाठी– डण्डा से मारपीट करने से मेरे सिर, दाहिने पैर के पंजा में एवं मेरे बेटे भावेश साहू के बाएं पैर के घुटना के ऊपर, दोनो हाथ, नाक, सिर में चोट आया है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने चार लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### तीन युवकों ने चाकू की ...

शराब भट्ठी तरफ गया था। कृष्णा चौहान के साथ घर ढलाई के संबंध में बातचीत किया और मै शाम 07 बजे करीबन अपने मोटर साइकिल से वापस आमापारा के रास्ते घर जाने निकला था, देशी शराब भट्ठी व आमापारा के मध्य नीलगिरी झाड़ के पास पहुंचा था वहां पर तीन अज्ञात लड़के मिले जो मुझे आमापारा तक जाना है कहकर गाड़ी को रोकवाया और मेरे मोटर साइकिल को छीनकर एक लड़का मेरे मोटर साइकिल में बैठा मुझे व अपने दो अन्य साथी को पीछे बैठाया और खेत तरफ ले जाकर मोटर साइकिल को खड़ी कर एक लड़का मेरे बांये हाथ को पकड कर रखा, दूसरा लड़का मेरे दाहिने हाथ को पकडकर मेरे गला में चाकू टिकाकर रखा था, तीसरा लड़का जो छोटा सांवला मेरे गले में चाकू अड़ाया और दांता वाला पंच अपने हाथ के उंगुली में फंसाकर तीनो साथी मुझे गाली गलौच करते हुये तुम किसी को बताओगे तो तुम्हे यही पर मार डालेंगे कहकर तीनों एक साथ हाथ मुक्का से मारपीट किया, सांवला छोटा लड़का मेरे जेब में रखे 4,500 रू एवं मेरे मोबाइल को छीन कर रख लिये और अपने एक साथी को शराब लेने के लिए शराब भट्ठी भेजा, जो एक पौवा गोवा अंग्रेजी शराब लेकर आया उसे मेरे सामने खेत में तीनों पिये, मै बेहोश होने का नाटक करते हुए खेत पर लेट गया, तो तीनो लड़के भाग गये।

### रिश्तेदार बनकर आए व्यक्ति ...

वाला हुं, लेकिन मैं उसे पहचान नहीं पाई, तो उन्होंने अपने चेहरे पर बंधा गमछा को हटाकर दिखाया। मेरी मां का नाम बताने से मैं उसकी बातो को विश्वास कर ली और बताई कि अभी हम लोग खेत में धान बोआई कराने जा रहे हैं। तो वह व्यक्ति हमारे खेत गये, मेरे पति व वहां उपस्थित मजदूर रवि ठाकुर, पुकेश्वर ठाकुर से मिले। करीबन 10:30 बजे मेरे पति मुझे मेहमान आया हैं तो जा घर ले जा, चाय वगैरह बना देना, हम घर आये, वह व्यक्ति आंगन में बैठा, मैं चाय लाकर दी और उसके लिए खाना बनाते नहाने चली गई तब तक वह व्यक्ति था, मैं जब नहाकर वापस आई तो वह व्यक्ति घर में नहीं था, जिसे घर के हर कमरा में जाकर देखी नहीं मिला, किन्तु मेरे बेड रूम में थैला में रखे सोने चांदी के जेवरात रखे पर्स बिखरा हुआ था, जिसमे देखकर अपने रखे एक जोडी सोने का टाप्स, एक जोडी सोने का एयर रिंग, एक नग सोने का मंगल सूत्र काला मोती से गुथा हुआ जिसमें 06 नग गोल दाना लगा हुआ, दो नग सोने का मराठी लॉकेट, जिसमें काला मोती से गुथा हुआ 04 नग गोल दाना लगा हुआ, दो जोडी चांदी की पायल, एक जोडी चांदी का बचकानी पायल, एक नग चांदी का करधन व नगदी रकम 200 रूपये नहीं था।

### संघ के शताब्दी वर्ष ....

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए कार्यक्रम का सफल व प्रभावी संचालन श्री नंदकिशोर पिस्दा व आभार प्रदर्शन कार्यक्रम के संयोजक श्री संतोष जैन किया।

# चंदखुरी में गुरु घासीदास जयंती व मड़ई मेला आज

**अंडा।** ग्राम चंदखुरी स्थित गुरु घासीदास चौक, वार्ड क्रमांक 12 एवं 13, जिला दुर्ग में परमपूज्य संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी की 269वीं जयंती के पावन अवसर पर इस वर्ष आज 28 दिसम्बर 2025, रविवार को गुरु घासीदास जयंती एवं मड़ई मेला का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना हुआ है। इस गरिमामयी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा उपस्थित रहेंगे। समारोह की शुरुआत सुर वंदना से होगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत रात्रि 10:30 बजे शशी रंगीला स्टार नाइट का आयोजन किया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध गायक अपनी प्रस्तुति देंगे। साथ ही जय सतनाम भजन मंडली एवं बालिका पंथी पार्टी, लभांडी (रायपुर) द्वारा पंथी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजकों ने बताया कि यह कार्यक्रम "एक प्रयास नशा एवं अपराध मुक्त समाज" के संदेश के साथ आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बाबा गुरु घासीदास जी के सत्य, अहिंसा और समानता के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना। यह जानकारी समिति के सदस्य नर्सिंग बारले ने दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण करेंगे, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में डोमनलाल कोसेवाड़ा विधायक अहिवारा एवं उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़ शामिल होंगे। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रहेगी, जिनमें आशा विक्की मिश्रा (जिला पंचायत सदस्य, दुर्ग), कुलेश्वरी सुखदेव देवांगन (अध्यक्ष, जनपद पंचायत दुर्ग), गोपाल यादव (जनपद सदस्य), सबा अंजुम (पद्मश्री, एएसपी एवं पूर्व कप्तान भारतीय महिला हॉकी टीम), आर. एस. बारले (पद्मश्री एवं अंतरराष्ट्रीय पंथी नृतक), शीतल कोठारी (अध्यक्ष, दुर्ग तहसील सतनामी समाज), जुगल प्रसाद जोशी (अध्यक्ष, अंडा परिक्षेत्र सतनामी समाज) सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बुद्धिजीवी शामिल होंगे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)





श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
Shri Gopala HOSPITAL
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल

बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध

24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज

बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### हार्वेस्टर चालक को वाहन हटाने के बहाने पीटा, अपराध दर्ज

**बालोद।** हार्वेस्टर को ले जाते समय वाहन हटाने के नाम पर कुछ लोगो ने वाहन चालक की पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने मारपीट करने वाले लोगो के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड नं. 4 मरार पारा गुण्डरदेही निवासी निमेश कुमार सोनकर ने पुलिस को बताया कि ग्राम ओरमा में हार्वेस्टर चलाता हूं तथा मैकेनिक का काम करता हूं, 21 दिसंबर को मै ट्रेक्टर कैम्प के लिये ओरमा से निखिल कुमार सोनकर के साथ ट्रेक्टर व हार्वेस्ट लेकर ग्राम नेवारीकला गया था, उसी समय ग्राम नेवारीकला के राकेश सोनकर एवं उनके अन्य साथी के द्वारा ई रिक्शा को हटाने की बात को लेकर मुझे तथा निखिल कुमार सोनकर को राकेश सोनकर एवं उनके साथी के द्वारा गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मेरे दोनो आंख, सिर, नाक एवं सीना में मारपीट किये है।

### नए साल पर होगी डांस प्रतियोगिता

**लाटाबोड़।** भोईनापार (लाटाबोड़) में झमाझम डांस प्रतियोगिता नये वर्ष 1 जनवरी 2026 को जय माँ लक्ष्मी उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी के उपलक्ष्य में रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। लक्ष्मी उत्सव समिति के अध्यक्ष चोमेन्द्र कुमार साहू,उपाध्यक्ष जीतेश कुमार साहू,सचिव नीलकमल साहू, सहसचिव दक्ष कुमार, कोषाध्यक्ष यश साहू, संरक्षक भावेश कुमार साहू,दानेश्वर यादव,गीतेश साहू सहित कार्यक्रम मे चार चाँद लगाने हेतु आयोजन के सभी सदस्यगण तैयारी मे जुटे गए हैं।

### पड़कीभाट में मड़ई-मेला 30 को

**बालोद।** ग्राम पड़कीभाट में 30 दिसम्बर को मेला मंडाई का आयोजन किया गया है। जहां रात्रिकालीन में लोगों के मनोरंजन के लिए मोर संगी ज़हूरिया का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी मनीष निषाद, संजीव निषाद ने दी।

### डौंडीलोहारा में लोक मंडई कल

**डौंडीलोहारा।** नगर में सोमवार दिनांक 29 दिसंबर को देव मंडई का आयोजन किया गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए आसपास के लगभग सभी ग्रामों में नाच का कार्यक्रम रखा गया है। नगर में भी भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम चिन्हारी लोक मंजीरा का आयोजन रात्रि 10 बजे से किया गया है। इस अवसर पर नगर किसान विकास समिति एवं नगर वासियों ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का आनंद लेने की अपील की है।

### मध्यान्ह भोजन संघ की प्रदेश स्तरीय हड़ताल कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**बालोद।** जिला मध्यान भोजन संघ बालोद द्वारा मध्यान भोजन रसोईयो की प्रदेश स्तरीय अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने के संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन मे कहा गया है कि छ.ग मध्यान भोजन रसोईयां संयुक्त संघ जिला ईकाई बालोद के रसोईयां प्रदेश स्तरीय आव्हान पर शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय माध्यमिक शाला द्वारा 29 दिसंबर सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल में विभिन्न मांगो को लेकर तुता नया रायपुर में जा रहे है।

# सीएम साय 8 जनवरी को गुण्डरदेही में करेंगे विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

नगर पंचायत गुण्डरदेही में 8 जनवरी को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय प्रवास पर रहेंगे, जहां वे सौ करोड़ रुपए की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री इस दिन नगर के गरीब परिवार जो पिछले 30, 40 वर्षों से अपने घर के मालिकाना हक पट्टे का इंतजार कर रहे थे। उन पात्र हितग्राहियों को पट्टा प्रदान कर उनके सपनों को साकार करेंगे।

इस हेतु मुलाकात के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, पूर्व विधायक राजेंद्र राय व टीकाराम कंवर शामिल रहे। मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें इस वृहद कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने सहर्ष आमंत्रण स्वीकार करते हुए नगर के विकास को नई गति देने की सहमति जताई है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा उन गरीब परिवारों की पहचान कर ली है, जो पिछले 30–40 वर्ष से शासकीय तालाब के किनारे भूमि पर काबिज हैं। अब तक मालिकाना हक नही होने के कारण इन परिवारों को कई शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाई होती थी। मुख्यमंत्री के हाथों पट्टा वितरण की प्रक्रिया शुरू होने से इन परिवारों को अपने स्वयं के पक्के मकान और सुरक्षित भविष्य की गारंटी मिलेगी।

**गुण्डरदेही को एक आधुनिक शहर बनाने का संकल्प: जैन :** प्रमोद जैन ने कहा कि यह केवल ईंट और पत्थर का ▶▶| शेष पेज 12 पर

## गरीब परिवारों को पट्टा देकर उनके सपनों को मिलेगा आकार




### गुण्डरदेही को मिलेगी विकासकार्यों की सौगात

रेलवे क्रॉसिंग मे 54 करोड़ के तहत सेतु विभाग द्वारा स्वीकृत ओवरब्रिज का टेंडर हो चुका है। इसका भूमिपूजन होने के बाद शहर को रेलवे क्रॉसिंग पर जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी। व्यापार को बढ़ावा हेतु 1.17 करोड़ के तहत शहर के मध्य 40 दुकानों वाले व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जाएगा, जिससे स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे। वार्डों का सौंदर्यीकरण हेतु 52 लाख के तहत वार्ड क्रमांक 12 और 13 में आधुनिक फुटपाथों का निर्माण किया जाएगा, जिससे वार्डों की सूरत बदलेगी। अधोसंरचना मजबूती हेतु 3.40 करोड़ के तहत अधोसंरचना मद से विभिन्न निर्माण कार्यों के जरिए नगर की गलियों और चौक–चौराहों को व्यवस्थित किया जाएगा। सामाजिक समरसता हेतु 55 लाख की लागत से साहू, सोनकर और मुस्लिम समाज के लिए सामुदायिक भवनों का निर्माण कराया जाएगा, साथ ही गुण्डरदेही विधानसभा अंतर्गत ग्राम माहुद बी के कॉलेज भवन का भूमिपूजन, रेंगाकठेरा में कंवर समाज के सामुदायिक भवन का भूमि पूजन एवं गुण्डरदेही ब्लॉक में स्वीकृत कॉलेज, स्कूल, सामुदायिक भवन, रोड, पानी टंकी एवं अन्य विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं उद्घाटन भी किया जाएगा।

**आयोजन :** जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी से बच्चों को पोषण

# बालोद जिले में 'मिशन गोद' अभियान से गंभीर कुपोषण में मिली बड़ी सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- 3 महीने में 140 से अधिक बच्चे आए सामान्य श्रेणी में

जिला प्रशासन द्वारा गंभीर कुपोषित बच्चों को पौष्टिक भोजन की समुचित उपलब्धता एवं उनका उचित देखभाल सुनिश्चित कर उन्हें सामान्य श्रेणी में लाने हेतु शुरू की गई मिशन गोद अभियान बालोद जिले को कुपोषण मुक्त जिला बनाने की दिशा में अत्यंत महत्वाकांक्षी एवं कारगर अभियान सिद्ध हो रहा है। जिला प्रशासन द्वारा इस अभियान के अंतर्गत जिले के अति गंभीर कुपोषित बच्चों को समुचित पौष्टिक आहार एवं देखरेख के लिए समुचित राशि एवं अन्य जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु जिले के जनप्रतिनिधि, अधिकारी–कर्मचारी, समाजसेवी संगठनों तथा समाज के सभी वर्गों के लोगों को जिम्मेदारी दी गई है। जिनके फलस्वरूप अब तक बालोद जिले के गंभीर कुपोषित बच्चों को लाकर इस दिशा में महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की गई है।



### अधिकारियों को दी गई है बच्चों की देखरेख की जिम्मेदारी



मिशन गोद के अंतर्गत क्षेत्रीय सांसद, जिले के तीनों विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित जिले के सभी गणमान्य जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा जिला प्रशासन के सभी आला अधिकारियों के अलावा जिले के सभी अधिकारियों को इन बच्चों की देखरेख की जिम्मेदारी दी गई है। बालोद जिले में 10 सितंबर से 10 दिसंबर तक जारी इस अभियान के अंतर्गत गोद लेने वाले सभी जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी–कर्मचारी गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए पौष्टिक भोजन एवं अन्य जरूरी खाद्य सामग्रियों की उपलब्धता के लिए न्यूनतम 500 रूपये की राशि जमा कर रहे हैं। जिसके फलस्वरूप जिले के जनप्रतिनिधि, अधिकारी–कर्मचारियों एवं जन सामान्य से कुपोषित बच्चों के लिए अतिरिक्त आहारा राशि के लिए 04 लाख 48 हजार रूपये से अधिक की राशि प्राप्त हो चुकी है।

### 140 बच्चे आए सामान्य श्रेणी में

10 सितंबर से 10 दिसंबर तक जिले में 3 माह की समयावधि के लिए लागू इस अभियान के अंतर्गत जनप्रतिनिधियों द्वारा कुल 300 गंभीर कुपोषित बच्चों को गोद लिया गया था। जिसमें से 53 बच्चे सामान्य श्रेणी में आ गए हैं। इसी तरह जिला प्रशासन के अधिकारियों के द्वारा कुल 184 बच्चों को गोद लिया गया है। इसमें से वर्तमान में 51 बच्चे सामान्य श्रेणी में आ गए हैं। इसके अलावा जन सामान्य के द्वारा 180 बच्चों को गोद लिया गया है। जिसमें 36 बच्चे सामान्य श्रेणी में आ गए हैं। जिले में इन बच्चों की समुचित देखभाल एवं इनके लिए समुचित पौष्टिक आहार की व्यवस्था के फलस्वरूप बालोद जिले में गंभीर कुपोषित बच्चों की संख्या में आशातीत कमी आई है। कलेक्टर मिश्रा ने इस अभियान को सफल बनाने में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिले के जनप्रतिनिधियों, अधिकारी, कर्मचारियों सहित समाजसेवियों एवं समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए उन्हें हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# ट्रैक्टर को लेकर दो पक्षों में मारपीट, दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- खेत में ट्रैक्टर ले जाने को लेकर उत्पन्न हुआ विवाद

ट्रैक्टर को खेत में ले जाने को लेकर दो पक्षो में मारपीट हो गई। जिसके बाद दोनो ही पक्षो ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने विभिन्न धाराओ के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम निपानी निवासी रविकांत गजेन्द्र ने पुलिस को बताया कि 22 दिसंबर को मैं अपने घर के ट्रेक्टर को ड्रायवर के साथ खेत मताई के लिये राहटा खार खेत की ओर जा रहा था, तभी भावेश साहू और दीनू साहू मिले और बोलने लगे कि एक बार मेरे खेत से ट्रेक्टर ले गये हो अभी और ले जा रहे हो कहते हुये गाली गलौज करने लगे, उसी दौरान मेरे पिता संतोष गजेन्द्र व मेरी मां ममता गजेन्द्र पहुंचकर उन लोगों को समझाने की कोशिश करने लगे, लेकिन भावेश साहू, दीनू साहू, लक्ष्मण साहू एवं प्रदीप साहू चारो गाली गलौज करने लगे, उसी दौरान भावेश साहू स्टील का राड़ लेकर मारने की कोशिश किया तो मेरे पिता ने दाहिने हाथ से रोक कर अपना बचाव किये, जिससे मेरे पिता जी के हाथ की हथेली में चोट आया है। मारपीट से मेरे दाहिने हाथ, दाहिने पैर के अंगुठा, चेहरा में तथा गर्दन को दबाने से चोट आया है तथा मेरी मां ममता गजेन्द्र बीच– बचाव करने आई तो उसके साथ भी दीनू साहू ने बाल को पकड़ कर मारपीट किया है जिससे दाहिने अंगुठा के पास, पीठ, सिर में चोट आकर दर्द है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने चार लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम निपानी निवासी दीनूराम साहू ने पुलिस को बताया कि गांव के राहटा खार में 2.5 एकड़ —षि भूमि है, जिसमें धान फसल कटाई करने के बाद चना का फसल बोया हूं, जो उग कर पत्ती आ गया है।

मेरे कृषि भूमि से ही संतोष गजेन्द्र का खेत लगा है जिसमें मताई करने के लिये संतोष गजेन्द्र का लड़का रविकांत गजेन्द्र मेरे उगे हुये चना फसल खेत से ट्रेक्टर को ले गया था, जिससे मेरे चना फसल का नुकसान होने के संबंध में 22 दिसंबर को संतोष को गांव के कलामंच में मिलने पर पिछले वर्ष भी फसल का नुकसान किये हो और इस वर्ष भी कर रहे हो समझाते हुये बोलने पर ▶▶| शेष पेज 12 पर

# तांदुला नदी को पुनर्जीवित करने नीर चेतना अभियान की श्रमदान मुहिम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- जिले की जीवनदायिनी नदी को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने का प्रयास
- प्रशासन, जनप्रतिनिधि और समाज के सभी वर्ग करेंगे सामूहिक श्रमदान

नीर चेतना अभियान के तहत जिला मुख्यालय बालोद सहित जिले की जीवनदायिनी तांदुला नदी को उसके पुराने वैभव और स्वच्छता के साथ पुनरूद्धार करने के लिए जिला प्रशासन ने एक बड़ी मुहिम शुरू की है। वर्तमान में जलकुंभियों और गंदगी से प्रभावित हो चुकी इस पवित्र नदी को साफ करने और इसके मूल स्वरूप को निखारने के लिए 31 दिसंबर को प्रातः 8 बजे से एक वृहद श्रमदान अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है।

जिले में जल के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए निरंतर जल संचय जन भागीदारी के लिए नीर चेतना अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में तांदुला नदी के अस्तित्व को बचाने और उसे सुसज्जित करने, नदी को प्रदूषण मुक्त कर पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने हेतु सामूहिक प्रयास किए जा रहे हैं। इस महा–अभियान में जिला प्रशासन के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण, बालोद के जागरूक नागरिकगण एवं समीपस्थ ग्रामवासी, समाजसेवी संस्थाएं, खेल संगठन, पेंशनर संगठन, विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाएं, महिला कमाण्डो, राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र, रेडक्रास, एनसीसी, स्काउट गाइड, व्यापारी संगठन, मिलर्स संघ, परिवहन संघ एवं माय भारत के वालिंटियर्स और युवा शक्ति अपना योगदान देंगे।

### श्रमदान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें: जिला प्रशासन

जिला प्रशासन बालोद ने नागरिकों से अपील की है कि साल के अंतिम दिन, नए संकल्प के साथ तांदुला नदी को स्वच्छ बनाने के लिए इस श्रमदान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। आपकी एक छोटी सी कोशिश हमारी अपनी जीवनदायिनी तांदुला नदी को फिर से पुनजर्एँवित कर देगी। जल है तो कल है, और तांदुला है तो बालोद है, का संकल्प के साथ आइए, नीर चेतना अभियान अंतर्गत हाथ से हाथ मिलाएं और अपनी नदी को गंदगी मुक्त बनाकर एक मिसाल पेश करें। नववर्ष के लिए संकल्प लें कि जल संरक्षण एवं जल को स्वच्छ रखने के साथ साथ जल का उचित उपयोग करेंगे, हम सभी मिलकर पानी बचाएंगे, व्यर्थ बहते जल को रोकेंगे, गंदे जल का सोख्ता गढ्ढा के माध्यम से उचित निपटान करेंगे, निस्तार के तालाब, जल स्त्रेतों, जलीय जीवों इत्यादि को गंदगी से बचाएंगे।

# तीन युवकों ने चाकू की नोक पर व्यक्ति से 4,500 रुपये और मोबाइल छीने, हुए फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- खेत में बंधक बनाकर मारपीट और डराने-धमकाने की घटना

तीन युवकों ने एक व्यक्ति से पैसे की लुटपाट कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने तीन अज्ञात युवको के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 309(4), 311 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम जामगांव बी निवासी कृष्णा साहू ने पुलिस को बताया कि 24 दिसंबर को शाम 04 बजे मेरे बड़े भाई नंद कुमार साहू के मोटर साइकिल सीजी 06 जी 3794 से बालोद घर गृहस्थी का सामान लेने के लिए घर से 4,500 रूपये लेकर निकला था, बालोद बंद होने के कारण मेरे परिचित पाररास निवासी कृष्णा चौहान से मिलने आमापारा ▶▶| शेष पेज 12 पर

# रिश्तेदार बनकर आए व्यक्ति ने घर से की जेवर समेत 70 हजार की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- सोने-चांदी और नकदी सहित कई कीमती सामान ले उड़ा चोर

रिश्तेदार बताकर घर आए व्यक्ति ने परिवार वाले के काम मे व्यस्तता देखकर घर मे रखे सोने चांदी व नकदी सहित 70,000 रूपये की चोरी कर ली। जिसके बाद पीड़ित महिला ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है।

जिसमे पुलिस ने धारा 305, 331(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम हरदी निवासी पुष्पलता साहू ने पुलिस को बताया कि मैं व मेरे पति बुधेन्द्र कुमार साहु व पुत्री टिकेश्वरी साहू 09 साल घर पर थे। पुत्री भावना साहू 15 साल, गेमन साहू 13 साल, अपने नाना के घर ग्राम धमना गये हुये हैं। 25 दिसंबर के करीबन 9 बजे मेरे पति स्वयं के खेत गांव खार में धान बोआई करने के निकले थे, मैं भी स्वयं के खेत गांव खार में जाने के लिए मेरे पति के पीछे पीछे जा रही थी, गांव के धुर्वा राम के घर के पास एक व्यक्ति मिला जो मोटर सायकल से आया था, जिन्होंने कहा कि मैं तुम्हारी मां जानकी बाई के मामा तितुरगहन ▶▶| शेष पेज 12 पर

## पंद्रह गांवों के हजारों लोगों की सहभागिता, राष्ट्र और समाज एकता पर जोर

# संघ के शताब्दी वर्ष पर विशाल हिन्दू सम्मेलन, उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

- मुख्य वक्ताओं ने स्वदेशी, संगठन और समरसता का दिया संदेश

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में ग्राम कुसुम कसा में विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें कुसुम कसा मण्डल के पन्द्रह गांव के हजारों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतमाता और छत्तीसगढ़ महतारी की तैल चित्र पर माल्यार्पण औरदीप प्रज्जवलन से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सह मुख्य अतिथि रामपाल जी प्रांतीय संगठन मंत्री अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत छत्तीसगढ़ प्रांत विशिष्ट अतिथि जीआर चुरेन्द्र सेवानिवृत्त आई ए एस, बालमुकुंद सिंह, डा देवेन्द्र माहला अखिल भारतीय हल्बा आदिवासी समाज, संजय बैस पूर्व जनपद सदस्य संजय स जनपद सदस्य और ओमेश्वरी धनकर पूर्व जनपद सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में डा भूपेंद्र मिश्रा के द्वारा हिन्दू सम्मेलन क्यों विषय को अभी अभी बंगलादेश और कांकेर जिला के आमाबेड़ा में घटित घटनाओं को जोड़कार आज की आवश्यकता को रेखांकित किया, डा देवेन्द्र माहला अपने उद्बोधन में जाति - पांति में बटे रहने के बजाय मतभेदों भूलकर हिन्दुओं की एकता पर बल दिया। पूर्व आई ए एस श्री जी आर चुरेन्द्र जी परिवार, समाज में समन्वय बनाए रखने व फिजूल खर्ची व महंगे शादियों के स्थान पर सर्व समाज के द्वारा सामूहिक आदर्श विवाह पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि श्री बाल मुकुंद सिंह अपने द्वारा रचित वीर रस और राष्ट्र भक्ति से ओत-प्रोत रचनाओं के माध्यम से हिन्दूओं को जगाने प्रयास किया। मुख्य वक्ता श्री रामपाल जी स्वदेशी मूल्यों पर आधारित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पंच परिवर्तन पर प्रभावी ढंग से अपनी बात रखे। इस अवसर पर कुसुम कसा के अलावा ग्राम गिधाली, ग्राम धुर्वाटोला के बच्चों के द्वारा राष्ट्र भक्ति से ओत प्रोत अनेक ▶▶| शेष पेज 12 पर




### इनका रहा विशेष सहयोग

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बालोद जिला सह संघचालक राजेश्वर राव कृदत, संतोष साहू जिला कार्यवाहक, पुष्पेंद्र तिवारी हिन्दू सम्मेलन जिला आयोजन टोली सह सयोजक डा भूपेन्द्र मिश्रा, सह सयोजक आसा आर्य, देवराज जैन कमलेश्वर सिन्हा दिनेश जैन मोती जैन हितेश गुप्ता कमलकांत साहू सोमेश साहू हितेश साहू विनोदसोनी गौतम साहू मनीष जैन तुका राम साहू पोषण भूआर्य पोषण धनकर शिवराम सिंद्रामे चंदू सिन्हा रविन्द्र, परसगिया राजा गुप्ता मनीष जेठवानी पंकज जेठवानी गोरीशंकर साहू पुष्प जीत बैस योगी साहू नन्द किशोर पिस्दा, टिकेंद्र साहू नितिन जैन, भुवन सिन्हा, मोनू गुप्ता, संजय बैस, पुष्पजीत सिंह बैस, कमलकांत साहू का विशेष सहयोग रहा।

